दूरवाणी/Phones : 0821-2345006
निदेशक / Director : 0821-2515820
फ़ैक्स (सामान्य) / Fax: 0821-2515032

वेब साइट /Website : http://www.ciil.org
ई-मेल / Email : ada-ciilmys@gov.in

सत्यमेव जयते
भारत सरकार/Government of India
शिक्षा मंत्रालय/ Ministry of Education
उच्चतर शिक्षा विभाग / Department of Higher Education
**भारतीय भाषा संस्थान /Central Institute of Indian Languages**
मानसगंगोत्री, हुणसूर रोड, मैसूर –570006 / Manasagangotri, Hunsur Road, MYSURU- 570006

मिसिल सं-46-1/2024-25/स्क्राप

10 जून, 2025

# अनुपयोगी /गैरमरम्मती/रद्दी सामानों के निष्पादन हेतु निविदा का दस्तावेज

भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा अनुपयोगी /गैरमरम्मती/रद्दी सामानों के 'यथावत् आधार पर' निष्पादन हेतु योग्य निविदादाताओं से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इनका ब्योरा और नियम तथा शर्तें आदि निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा दस्तावेज सीआईआईएल के वेबसाइट : http://www.ciil.org से डाउनलोड कर सकते हैं या इन्हें हमारे कार्यालय से 16.06.2025 से 30.06.2025 तक किसी भी कार्यदिवस को पूर्वाह्न 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

| लॉट संख्या | लॉट का स्थान | लॉट का विवरण | ई एम डी<br>उद्धृत मूल्य का 10% |
|---|---|---|---|
| 1. | सीआईआईएल कैंपस | धातु अपशिष्ट | |
| 2. | सीआईआईएल कैंपस | प्लास्टिक स्क्रैप | |
| 3. | सीआईआईएल कैंपस | काठ स्क्रैप | |
| 4. | सीआईआईएल कैंपस | स्टेनलेस स्टील स्क्रैप | |
| 5. | सीआईआईएल कैंपस | अलुमिनियम स्क्रैप | |
| 6. | सीआईआईएल कैंपस | घूमने वाली गद्देदार कुर्सियाँ स्क्रैप | |

# <u>नियम एवं शर्तें</u>

1. **निविदा प्राप्त करना और खोलना**,
   (क) कोटेशन जमा करने की अंतिम तारीख और समय **02.07.2025 शाम 5:00** बजे तक
   (ख) बिड खोलने की तारीख **03.07.2025 अपराह्न 3 बजे**

2. जमा करने की तिथि और समय बीत जाने के बाद प्राप्त निविदाओं पर कतई विचार नहीं किया जाएगा।

3. निदेशक, सीआईआईएल,मैसूर को संबोधित और लिफाफे **पर "*Tender for the Purchase of Junk Materials of CIIL, Mysuru*"** लिखी हुई निविदा सीलबंद रूप में ही और बिड प्रारूप के अनुसार अंतिम तिथि और समय से पूर्व ही जमा की जाय । इसके साथ निविदादाता का सहपत्र भी सलग्न हो । निविदा की वैधता इसके खोले जाने की तिथि से लेकर 30 (तीस) दिन तक होगी। निविदा दाताओं को चाहिए कि वे अपना प्रति लाट दर अंकों और अक्षरों दोनों में स्पष्ट रूप से उद्धृत करें जिसमें कोई कर शामिल न हो।

4. यदि निविदा व्यक्तिगत रूप से जमा करनी है तो उसे अंतिम समय से पहले निविदा पेटी में डाला जाय।

5. खुली हुई स्थिति में जमा की गई और फैक्स द्वारा भेजी गयी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए तत्काल ही अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

6. सामानों और लाटों का निरीक्षण हमारे कार्यालय में 16.06.2025 से 30.06.2025 तक कार्य घंटों के दौरान पूर्व अनुमति प्राप्त करके किया जा सकता है । इसके लिए कृपया **श्रीमती हयात अफ़ज़ा, सहायक श्रेणी-1, एनटीएस-आई दूरवाणी संख्या-0821-2345112** से संपर्क करें ।

7. खरीदने वाले द्वारा अधिकृत व्यक्ति / व्यक्तियों को सामान उठाने की अनुमति दी जाएगी ।

8. सामान उठाते समय सभी प्रकार के करों और ड्यूटी आदि का भुगतान सफल निविदा दाता द्वारा अलग से किया जाएगा ।

9. निविदा में दिये गये पते को खरीददार का पता माना जाएगा और उस पते पर भेजे गये किसी भी पत्रादि को निविदादाता द्वारा प्राप्त कर लिया गया माना जाएगा ।

10. निविदा जमा करने से पहले सामानों को ठीक प्रकार से देख लेना निविदादाता की जिम्मेवारी है । बिडों को खोले जाने के बाद किये गये किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा ।

11. सीलबेद प्रस्तावों के साथ उद्धृत की गई राशि का 10% भाग EMD के तौर पर डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किया जाय । (डी डी द्वारा प्रतिदेय) जो ***"MHRD HIGHER CAS CLG, NEW DELHI"*** के पक्ष में हो । बिना EMD के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । EMD पर किसी भी तरह का ब्याज नहीं दिया जाएगा ।

12. असफल निविदादाताओं की EMD उचित अवधि के भीतर वापस कर दी जाएगी ।

13. सफल निविदाताओं की EMD को संविदा के पूर्ण होने पर बिड राशि में समायोजित कर दिया जाएगा।

14. सीआईआईएल से सामान उठाने हेतु प्रयुक्त उपकरणों और मजदूरी की लागत आदि का वहन खरीददार द्वारा किया जाएगा।

15. सभी सामान कार्यालय के भवन / सड़क आदि को किसी प्रकार का नुकसान पहुँचाए बिना बाहर ले जाया जाएगा। अन्यथा इस दौरान किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर उसकी भरपाई क्रेता द्वारा की जाएगी।

16. सबसे ऊँची बोली लगाने वाले निविदादाता को एक विक्रय-पत्र निर्गत किया जाएगा। निविदा दाता यह विक्रय-पत्र प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर वस्तुओं के कुल मूल्य और कर आदि का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कर देंगे।

17. यदि निविदादाता इस पूरी राशि का भुगतान 7 दिनों के अंदर करने में विफल रहता है तो उसकी निविदा को रद्द कर दिया जाएगा और उसकी EMD राशि को भी जब्त किया जा सकता है।

18. सफल निविदादाता खरीदे गये सामानों का 'विक्रीपत्र' प्राप्त होने के तुरंत बाद या इस तिथि से अधिकतम सात दिनों के भीतर सामानों की सुपुर्दगी प्राप्त कर लेगा।

19. आबंटित सामानों के अलावा उस स्थान से किसी अन्य सामान को नहीं हटाया जाएगा।

20. निविदादाता अपनी निविदा में अपने पैन नंबर का उल्लेख करें।

21. इस पूरी निविदा प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत किये जाने का सर्वाधिकार निदेशक, सीआईआईएल, मैसूरके पास सुरक्षित होगा।

## संलग्नक - A

**संदर्भ सं._________________________________________**

**निविदादाता का नाम और पता:**

__________________________________________
__________________________________________
__________________________________________
__________________________________________

**सीआईआईएल निविदा सं.____________________________________**

मैं / हम निम्नलिखित मदों के पुराने और गैरमरम्मती रद्दी सामान "सीआईआईएल के उपर्युक्त निविदा" के प्रतिउत्तर में "जो जैसा है, जहाँ भी है" के आधार पर खरीदना चाहते हैं और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं।

**बिड उद्धृत करने का प्रारूप:**

| क्रम सं | लॉट संख्य और सामान | भुगतान किये गये EMD का ब्योरा | | | उद्धारण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डीडी संख्या | दिनांक | राशि | अंकों में | अक्षरों में |
| | | | | | | |

1. मैं / हम ने उपर्युक्त प्रस्ताव जमा करने से पहले गैरमरम्मती सामानों की अवस्था का भली-भांति निरीक्षण कर लिया है ।
2. मैं / हम सहमत हैं कि यदि मैं / हम निविदा दस्तावेजों में वर्णित किसी भी नियम या शर्त का पूर्णतः या अंशतः अनुपालन करने में असमर्थ रहते हैं तो हमारी अग्रिम राशि को जब्त कर लिया जाएगा ।
3. मैं / हम ने इस प्रस्ताव के सभी नियमों और शर्तों, विशेष कर अग्रिम से संबंधित प्रावधानों को ध्यान पूर्वक पढ़ लिया है और हम इसके तमाम अर्थों और अभिप्रायों से पूर्णतः सहमत हैं । इस प्रस्ताव से उपजे किसी भी विवाद की स्थिति में संस्थान (सीआईआईएल) का निर्णय मेरे / हमारे ऊपर पूर्णतया बाध्यकारी होगा ।

**दिनांक:** **निविदादाता का हस्ताक्षर**

**नाम:**

**मोहर:**